BYJU'S EXAM PREP

Daily Current Affairs
09 June 2022

byjusexamprep.com

Index

- भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मध्य समझौता ज्ञापन
- आयुष संस्थान के लिए एनएबीएल प्रत्यायन
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा बनाया गया नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड
- खीर भवानी मेला
- वर्ष 2022-23 विपणन मौसम के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)
- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस)
- ग्राफीन में पाया गया तटस्थ इलेक्ट्रॉन प्रवाह
- फ्रांस के चेटियारो में आयोजित पैरा निशानेबाजी विश्व कप

Important News: InterNational

1. भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मध्य समझौता ज्ञापन

चर्चा में क्यों:

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा उद्योग और विकसित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मध्य एक द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की गयी है।

प्रमुख बिंदु:

- भारत और संयुक्त अरब अमीरात द्वारा 18 फरवरी 2022 को एक द्विपक्षीय "व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते" (सीईपीए) पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- इस समझौते का लक्ष्य भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापार को 60 अरब अमेरिकी डॉलर (4.57 लाख करोड़ रुपये) से बढ़ाकर अगले पांच वर्ष में 100 अरब डॉलर (7.63 लाख करोड़ रुपये) तक करना है।
- भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मध्य हस्ताक्षरित समझौते ज्ञापन का उद्देश्य निवेश, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और उद्योगों में प्रमुख प्रौद्योगिकियों को लगाकर दोनों देशों में उद्योगों को मजबूत और विकसित करना है जिसकी सहायता से अर्थव्यवस्था में रोजगार पैदा किये जा सके।
- संयुक्त अरब अमीरात भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है (अमेरिका के बाद) तथा 18 अरब अमेरिकी डॉलर (1.37 लाख करोड़ रुपये) के अनुमानित निवेश के साथ भारत में आठवां सबसे बड़ा निवेशक भी है।

स्रोत: द हिंदू

Important News: India

2. आयुष संस्थान के लिए एनएबीएल प्रत्यायन

चर्चा में क्यों:

- पंचकर्म के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (एनएआरआईपी), चेरुथुरुथी, त्रिशूर, केरल के जैव रसायन और विकृति विभाग को अपनी नैदानिक प्रयोगशाला सेवाओं के लिए एनएबीएल एम (ईएल) टी प्रत्यायन प्रदान किया गया है।

प्रमुख बिंदु:

- अपनी नैदानिक प्रयोगशाला सेवाओं के लिए एनएबीएल प्रत्यायन प्राप्त करने वाला सीसीआरएएस के तहत यह पहला संस्थान है।
- प्रयोगशाला मान्यता एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से एक आधिकारिक निकाय तीसरे पक्ष के मूल्यांकन और निम्नलिखित अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर विशिष्ट परीक्षणों/मापों के लिए तकनीकी क्षमता की औपचारिक मान्यता प्रदान करता है।
- प्रमाणन परीक्षण और कैलिब्रेशन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (भारतीय गुणवत्ता परिषद का एक वैधानिक बोर्ड) द्वारा प्रदान किया जाता है।
- इसका उद्देश्य नागरिकों को विशेष रूप से गांवों, छोटे शहरों में रहने वाले लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है।

स्रोत: द हिंदू

3. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा बनाया गया नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

चर्चा में क्यों:

- 105 घंटे और 33 मिनट में एनएच53 पर एक ही लेन में 75 किलोमीटर बिटुमिनस कंक्रीट बिछा कर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को अपने नाम किया है।

प्रमुख बिंदु:

- 75 किलोमीटर सिंगल लेन निरंतर बिटुमिनस कंक्रीट रोड की कुल लंबाई, 37.5 किमी टू-लेन पक्की शोल्डर रोड के बराबर है।
- इस परियोजना को पूरा करने के लिए स्वतंत्र सलाहकारों की एक टीम सहित 720 श्रमिकों द्वारा 4 दिन लगातार कार्य किया गया।
- इससे पूर्व, सबसे लंबे 25.275 किलोमीटर सड़क के लिए लगातार बिटुमिनस बिछाने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड फरवरी 2019 में दोहा, कतर में हासिल किया गया था जिसको पूरा करने के लिए 10 दिन लगे थे।
- एनएच 53, अमरावती से अकोला खंड में स्थित है, जो एक महत्वपूर्ण गलियारा है यह कोलकाता, रायपुर, नागपुर और सूरत जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ता है।

स्रोत: पीआईबी

Important News: State

4. खीर भवानी मेला

चर्चा में क्यों:

- ज्येष्ठ अष्टमी के शुभ अवसर पर लगभग 18,000 कश्मीरी पंडितों और श्रद्धालुओं द्वारा प्रसिद्ध माता खीर भवानी मंदिर में दर्शन किये गए साथ ही इस शुभ दिन पर भारत के केंद्र-शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर में तुलमुल्ला, गांदरबल में माता खीर भवानी मंदिर में खीर भवानी मेला का भी आयोजन किया गया है

प्रमुख बिंदु:

- यह त्यौहार देश भर के लाखों हिंदू तीर्थयात्रियों के साथ विशेष रूप से कश्मीरी पंडित समुदाय द्वारा गांदरबल ज़िले के प्रसिद्ध राज्ञणा देवी मंदिर में मनाया जाता है जिन्हें स्थानीय रूप से सामान्य रूप में 'माता खीर भवानी' के नाम से भी जाना जाता है।
- इस त्यौहार तथा मेले का आयोजन हिंदू कैलेंडर के अनुसार 'ज़ेष्ठ अष्टमी' के दिन मनाया जाता है।

- 'खीर' शब्द का तात्पर्य 'चावल के हलवे' से है जो वसंत ऋतु में देवी को खुश करने के लिये अर्पित किया जाता है, खीर भवानी को कश्मीरी पंडितों की कुल देवी माना जाता हैं।

स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर

Important News: Agriculture

5. वर्ष 2022-23 विपणन मौसम के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)

चर्चा में क्यों:

- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) द्वारा वर्ष 2022-23 विपणन मौसम के लिए सभी अधिदेशित खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी प्रदान की गयी है।

प्रमुख बिंदु:

- विपणन मौसम में वर्ष 2022-23 के लिए खरीफ फसलों की एमएसपी में बढ़ोत्तरी, वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट में एमएसपी को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत (सीओपी) के ऊपर कम से कम 50 प्रतिशत लाभ निर्धारित करने की उद्घोषणा के अनुरूप की गयी है।
- जारी उद्घोषणा के अनुसार वर्ष 2022-2023 के लिए बाजरा, तूर, उडद, सूरजमुखी बीज, सोयाबीन एवं मूंगफली की एमएसपी पर लाभ अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत से 50 प्रतिशत अधिक है जो कि क्रमश: 85%, 60%, 59%, 56%, 53% एवं 51% है।
- नए एमएसपी मूल्यों का मुख्य लक्ष्य इन फसलों के तहत किसानों को विस्तारित क्षेत्र में ले जाने के साथ साथ उत्कृष्ट प्रौद्योगिकी एवं कृषि प्रथाओं को अपनाने के लिए किसानो को प्रोत्साहित करना है।

फसल	एमएसपी 2014-15	एमएसपी 2021-22	एमएसपी 2022-23
धान (सामान्य)	1360	1940	**2040**
धान (ग्रेड ए)	1400	1960	**2060**

ज्वार (हाईब्रीड)	1530	2738	**2970**
ज्वार (मालदंडी)	1550	2758	**2990**
बाजरा	1250	2250	**2350**
रागी	1550	3377	**3578**
मक्का	1310	1870	**1962**
तूर (अरहर)	4350	6300	**6600**
मूंग	4600	7275	**7755**
उड़द	4350	6300	**6600**
मूंगफली	4000	5550	**5850**
सूरजमुखी बीज	3750	6015	**6400**
सोयाबीन (पीला)	2560	3950	**4300**
तिल	4600	7307	**7830**
रामतिल	3600	6930	**7287**
कपास (मध्यम रेशा)	3750	5726	**6080**
कपास (लंबा रेशा)	4050	6025	**6380**

स्रोत: पीआईबी

Important News: Polity

6. चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस)

चर्चा में क्यों:

- सरकार द्वारा सीडीएस पात्रता में संशोधन किये गए है जिसके तहत इस पद के लिए सेवारत या सेवानिवृत्त थ्री-स्टार आर्मी लेफ्टिनेंट जनरल, एयर मार्शल और वाइस

एडमिरल को भी सीडीएस के लिए नियुक्त किया जा सकता हैं।

प्रमुख बिंदु:

- रक्षा मंत्रालय द्वारा अगले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की नियुक्ति के लिए थल सेना, नौसेना और वायु सेना के नियमों में संशोधन करते हुए तीन अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की गयी हैं।
- जारी अधिसूचनाओं के अनुसार थल सेना में सेवारत थ्री-स्टार अधिकारी, वायु सेना में एयर मार्शल, और नौसेना में वाइस-एडमिरल, या सेवानिवृत्त सेवा प्रमुखों या थ्री-स्टार अधिकारियों को जनहित में आवश्यक समझे जाने पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त किया जा सकता है।
- वर्तमान जारी अधिसूचनाओं के अनुसार सीडीएस की नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष निर्धारित की गयी है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

Important News: Science

7. ग्राफीन में पाया गया तटस्थ इलेक्ट्रॉन प्रवाह

चर्चा में क्यों:

- ग्राफीन में भौतिकविदों को दो स्तरित काउंटर प्रोपेगेटिंग चैनलों का पता लगा है जिसके कुछ तटस्थ कणाभ (क्वासिपार्टिकल) पारंपरिक मानदंडों को तोड़ते हुए विपरीत दिशाओं में चलते हैं जिसकी सहायता से भविष्य की क्वांटम गणना को संभव किया जा सकता है।



प्रमुख बिंदु:

- जब किसी 2डी सामग्री या गैस पर कोई मजबूत चुंबकीय क्षेत्र लगाया जाता है, तो इंटरफ़ेस पर कुछ इलेक्ट्रॉन, समूह में घूमते इलेक्ट्रॉनों के विपरीत, किनारों पर चलने के लिए स्वतंत्र होते हैं जिन्हें एज मोड या चैनल कहा जाता है जो कुछ हद तक राजमार्ग लेन के समान होते हैं कणो की इस घटना को क्वांटम हॉल प्रभाव कहा जाता हैं।
- हालाँकि पारंपरिक इलेक्ट्रॉनों के लिए धारा केवल एक दिशा में प्रवाहित होती है जो चुंबकीय क्षेत्र ('डाउनस्ट्रीम') द्वारा निर्धारित होती है।

- इन मोड या चैनलों का पता लगाने के लिए, भौतिकविदों की टीम द्वारा विद्युत शोर को नियोजित करने वाली एक नई विधि का उपयोग- गर्मी अपव्यय के कारण आउटपुट सिग्नल में उतार-चढ़ाव किया गया हालांकि, इन चैनलों को पहचानना बेहद मुश्किल है क्योंकि इनमें कोई विद्युत प्रवाह नहीं होता है।

स्रोत: पीआईबी

Important News: Sports

8. फ्रांस के चेटियारो में आयोजित पैरा निशानेबाजी विश्व कप

चर्चा में क्यों:

- भारत की निशानेबाज अवनी लेखरा द्वारा फ्रांस के चेटियारो में आयोजित पैरा निशानेबाजी विश्व कप में रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।

प्रमुख बिंदु:

- इस पदक के साथ अवनि द्वारा 249.6 के अपने ही विश्व रिकॉर्ड को तोड़कर 2024 पेरिस पैरालंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई भी किया है।
- अवनी द्वारा महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल एसएच-1 प्रतिस्पर्धा में 250.6 अंक के साथ एक नया विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है।
- इससे पूर्व भारत की निशानेबाज अवनी लेखरा द्वारा टोक्यो पैरालिम्पिक खेलों में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।
- राइफल प्रतियोगिता में एसएच-1 वर्ग उन एथलीटों के लिए होता है, जिनके शरीर के निचले हिस्से में कमी होती है।

स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर